दैनिक प्रातः कालीन हिंदी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

प्रधान संपादक दैनिक क्यूँ न लिखूं सच


वर्ष :- 02 अंक :- 270 मुरादाबाद, 26 January 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

प्रिय सुधि पाठको व सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं - प्रधान संपादक

## राष्ट्रपति का देश के नाम संबोधन

# विभिन्न पंथों-भाषाओं ने बांटने नहीं, जोड़ने का काम किया



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरुआत में राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दीं। उन्होंने कहा कि जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तब एक राष्ट्र के रूप में हमने मिल-जुल कर जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उनका हम उत्सव मनाते हैं।

### विभिन्न पंथों-भाषाओं ने बांटने नहीं, जोड़ने का काम किया

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हम सब एक ही हैं, और हम सभी भारतीय हैं। इतने सारे पंथों और इतनी सारी भाषाओं ने हमें विभाजित नहीं किया है बल्कि हमें जोड़ा है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में सफल हुए हैं। यही भारत का सार-तत्व है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत एक गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व-मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र का स्थान ले चुका है। संविधान-निर्माताओं की सामूहिक बुद्धिमत्ता से मिले मार्गदर्शन के बिना यह प्रगति संभव नहीं थी।

पिछले साल भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि पिछले साल भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। यह उपलब्धि, आर्थिक अनिश्चितता से भरी वैश्विक पृष्ठभूमि में प्राप्त की गई है। सक्षम नेतृत्व और प्रभावी संघर्षशीलता के बल पर हम शीघ्र ही मंदी से बाहर आ गए, और अपनी विकास यात्रा को फिर से शुरू किया।

### राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना की

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षार्थियों को इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करते हुए हमारी सभ्यता पर आधारित ज्ञान को समकालीन जीवन के लिए प्रासंगिक बनाती है। हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों पर गर्व का अनुभव कर सकते हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भारत गिने-चुने अग्रणी देशों में से एक रहा है।

### महिलाएं ही भविष्य में भारत को स्वरूप देने के लिए अधिकतम योगदान देंगी

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि महिला सशक्तीकरण तथा महिला और पुरुष के बीच समानता अब केवल नारे नहीं रह गए हैं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि महिलाएं ही आने वाले कल के भारत को स्वरूप देने के लिए अधिकतम योगदान देंगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सशक्तीकरण की यही दृष्टि अनुसूचित जातियों सहित कमजोर वर्गों के लोगों के लिए सरकार की कार्य-प्रणाली का मार्गदर्शन करती है।

### जनजातीय समुदाय के लोग कई क्षेत्रों में सीख दे सकते हैं

जनजातीय समुदाय के लोग, पर्यावरण की रक्षा से लेकर समाज को और अधिक एकजुट बनाने तक, कई क्षेत्रों में सीख दे सकते हैं।

### भारत G-20 देशों के समूह की अध्यक्षता कर रहा

इस वर्ष भारत त्र-20 देशों के समूह की अध्यक्षता कर रहा है। विश्व-बंधुत्व के अपने आदर्श के अनुरूप, हम सभी की शांति और समृद्धि के पक्षधर हैं। त्र-20 की अध्यक्षता एक बेहतर विश्व के निर्माण में योगदान हेतु भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करती है। मेरे विचार से, global warming और जलवायु परिवर्तन ऐसी चुनौतियां हैं जिनका सामना शीघ्रता से करना है। वैश्विक तापमान बढ़ रहा है और मौसम में बदलाव के चरम रूप दिखाई पड़ रहे हैं।

### सैनिकों के त्याग की सराहना करती हूं

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मैं उन बहादुर जवानों की विशेष रूप से सराहना करती हूं जो हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं और किसी भी त्याग तथा बलिदान के लिए सदैव तैयार रहते हैं। देशवासियों को आंतरिक सुरक्षा प्रदान करने वाले समस्त अर्ध-सैनिक बलों तथा पुलिस-बलों के बहादुर जवानों की भी मैं सराहना करती हूं।संविन के लागू होने से लेकर आज तक हमारी यात्रा अद्भुत रही राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संविधान के किसानों, मजदूरों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की भूमिकाओं की सराहना करती हूं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मैं किसानों, मजदूरों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की भूमिकाओं की सराहना करती हूं जिनकी सामूहिक शक्ति हमारे देश को जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान की भावना के अनुरूप आगे बढ़ने में सक्षम बनाती है।

## गणतंत्र दिवस पर बॉर्डर से जुड़े गांवों में कैंप करेंगे अधिकारी, एडीजी कानून व्यवस्था ने बताया प्लान



गणतंत्र दिवस पर इस वर्ष प्रदेश के पुलिस अधिकारी बॉर्डर से जुड़े गांवों में कैंप करेंगे और ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे, जिससे लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार हो। यूपी में गणतंत्र दिवस को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रदेश के सामरिक व धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सिविल पुलिस के अतिरिक्त करीब 115 कंपनी पीएसी की तैनाती की गई है। अफसरों को निर्देश दिए गए और जिलों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लगातार चेकिंग की जा रही है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने ये संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 26 जनवरी के अवसर पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान की तरफ से अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रदेश के विभिन्न प्रांतों और देशों से जुड़े हुए प्रदेश के गांवों में जोन, रेंज और जिले के सभी अधिकारी कैंप करेंगे और ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे जिससे कि लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार हो। इसके अलावा बॉर्डर से जुड़े इलाकों में ग्राम सुरक्षा समितियां सतर्क दृष्टि रखेंगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पूर्ण सतर्कता बरती जा रही है।






























## जिलाधिकारी ने उत्कृष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद - आज पंचायत भवन सभागार मे जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि लोकतंत्र की असली शक्ति मतदान है, इसलिए हम सभी को अपने मताधिकार के प्रति जागरुक बनकर इसका सही इस्तेमाल करना चाहिए। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदान दिवस लोकतन्त्र का महान उत्सव है। उन्होने कहा कि देश का लोकतन्त्र बहुत मतबूत है और लोकतंत्र में मतदान का बहुत बडा योगदान है। संविधान ने सबको मताधिकार में बराबरी का दर्जा दिया है। राष्ट्रीय मतदान प्रक्रिया में अवश्य भागीदारी सुनिश्चित करें। स्वयं भी मतदान करें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हम सभी को लोकतंत्र में पूरी आस्था रखते हुए यह शपथ लेनी चाहिए कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य बनाये रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगो को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान प्रतिबद्धता के प्रति शपथ दिलाई।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ) सुरेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जे0डी0 कृषि, जे0डी0 उद्योग एवं संबन्धित अधिकारीगण, किसान, प्रधानाचार्य, शिक्षक व छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

## उ0प्र0 दिवस के अवसर पर पंचायत भवन परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद - आज जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत भवन परिसर मे उ0प्र0 दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी एवं स्टाल जो कि विभिन्न विभागो द्वारा लगाई गयी है का दूसरे दिन भ्रमण कर अवलोकन किया। इस अवसर पर जिगर मंच परिसर मे नुक्कड नाटक का प्रदर्शन किया गया एवं अन्य कार्यक्रमो का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। बालिकाओं के लिए विशेष रूप से चलाई जा रही योजनाओं पर खास जोर दिया है। इन्वेस्टमेंट का जो सबमिट लगातार चल रहा है और मण्डल स्तर पर इसका आयोजन होना है उसके बारे मे भी लोगो को बताया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी मे एक स्टाल से दरी भी खरीदी। इस अवसर पर पंचायत भवन परिसर मे जागरूकता हेतु सूचना विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन, अग्रणी बैंक-केनरा बैंक, महिला कल्याण विभाग, सूक्ष्म लघु मध्यम एवं उद्यम विभाग, उ0प्र0 पुलिस, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों के स्टाल लगे थे। , इस अवसर पर परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर, संयुक्त आयुक्त इन्डसट्रीज, एवं अन्य विभागो के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हबीब अहमद उर्फ गांठा भाई ने उर्स में की शिरकत



मोहम्मद जुनेद अल्वी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- बहेड़ी- फरीदपुर नगर पंचायत में चेयरमैन अध्यक्ष पद के समाजवादी पार्टी के दावेदार हबीब अहमद उर्फ गांठा भाई ने उर्स में की शिरकत तहसील बहेड़ी नगर पंचायत फरीदपुर में चल रहा हुजूर दादा अली अहमद शाह मियां में चेयरमैन प्रत्यासी हबीब अहमद ने दरगाह पर दी हाजरी उन्होंने उर्स में चल रहा कव्वाली का प्रोग्राम में पब्लिक के लिए कराई कुर्सी फ्री अली अहमद शाह मियां की चादर में भी दरगाह के लिए 1100 दिए हबीब अहमद के समर्थक दम पे दम बढ़ते जा रहे है साथ रहे समर्थक अखलाक अहमद सभासद रहीस अहमद सेठ पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी नसीम इदरीशी सोहिल मालिक गुड्डु इदरिशी सऊद अहमद बसीम अहमद आजाद अंसारी हाफिज सद्दाम जफर अंसारी शकील हाफिज गुड्डु खान राजा अंसारी इम्तियाज खा अकिल मंसूरी दानिश अल्वी आसिफ़ अंसारी आरिफ अंसारी वा समस्त कार्यकर्ता शामिल रहे

## पत्रकारिता मानसिक दबाव की दृष्टि से विश्व के पहले कठिनतम 5 व्यवसायों में से एक - अजय पांडे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-एटा महोत्सव में आयोजित अखिल भारतीय पत्रकार सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बी पी एन टाइम्स के समूह संपादक एवम् सुप्रीम कोर्ट के वकील अजय पांडे ने कही। एटा जनपद में चल रहे एटा महोत्सव में आज अखिल भारतीय पत्रकार सम्मलेन का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार राकेश भदौरिया के संयोजकत्व में किया गया। पत्रकार सम्मलेन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के मन्त्री श्रम एवं सेवायोजन रघुराज सिंह जिला अधिकारी एटा अंकित कुमार अग्रवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा उदय शंकर सिंह, कमांडेंट पीएसी आदित्य प्रकाश ने किया। इस अवसर पर पत्रकाों ने वर्तमान में पत्रकारिता के समक्ष चुनैतिया विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किए सम्मलेन का विषय प्रवर्तन राहुल गुप्त एडवोकेट के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि श्रष्टि के जन्म के समय से ही आदि पत्रकार नारद ऋषि के द्वारा ये परम्परा शुरू है। वर्तमान पत्रकारिता उसी की वाहक है। पत्रकारिता में चुनौतियां आदि काल में भी थीं,स्वाधीनता संग्राम के समय में भी थीं और वर्तमान में सोशल मीडिया के सैलाब के इस दौर में भी हैं। इस अवसर पर बोलते हुए समकालीन चौथी दुनिया पत्रिका के प्रधान संपादक प्रवीन चौहान ने कहा कि वर्तमान में पत्रकारिता का जैसे जैसे दायरा बढा है वैसे वैसे पत्रकारिता की चुनौतियाँ भी बढ़ीं हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी क्षेत्र हों सभी छेत्रों की अपनी अपनी चुनौतिया हैं। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ 0 अजय कुमार पांडेय ने कहा कि पत्रकारिता मानसिक दबाव की दृष्टि से विश्व के पहले कठिनतम 5 व्यवसायों में से एक है। इतना चुनौतीपूर्ण व्यबसाय होने के वावजूद भी पारिश्रमिक की दृष्टि और सेवा लाभ के नज़रिये से बहुत ही कमजोर है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी पेशेगत चुनौतियों से ठीक से निबटना आना चाहिए और साथ में ये भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारी और हमारे व्यवसाय की साख न गिरे। वरिष्ठ पत्रकार और पत्रकार सम्मलेन के संयोजक राकेश भदौरिया ने कहा कि वर्तमान पत्रकारिता के सामने चाहे कितनी भी बड़ी चुनौतियां खड़ी हों लेकिन पत्रकारों को उनके मार्गदर्शन से डिगा नहीं सकती। उन्होंने कहा भारत में मीडिया पर हमले हों रहे हैं उनको शाशन एवं सत्ता की कठपुतली बनाया जा रहा है जो कि किसी भी देश के लिये बहुत ही ख़तरनाक ट्रेंड हैं। अंतर राष्ट्रीय खेल पत्रकार अभय सिंह राठौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें विश्व के साथ चलने के लिये अपने देश की व्यवस्थाएं तंत्र एवं सोच को विश्व स्तरीय बनाना पड़ेगा। शिक्षक एमएलसी मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकार उस चीज को खोज कर लाते हैं जो तथ्य सामान्य दृष्टि से हमें दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए पत्रकारिता समाज हित में बहुत ही आवश्यक एवं उपयोगी भूमिका निभाती है।विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद मारहरा विधायक वीरेंद्र लोधी ने कहा कि जैसे साहित्य समाज का दर्पण होता है ठीक वैसे ही पत्रकारिता राजनेताओं को आइना दिखाकर सचेत करने का काम करती है। दिल्ली से पधारे वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद ज्ञानेंद्र रावत ने कहा कि पत्रकारो के आपसी मनभेद और मतभेद किसी भी बाहरी चुनौती से ज्यादा बड़े हैं। हमें अपनी खबर की सत्यता को बनाये रखना चाहिए जिससे व्यवसाय की साख कभी ख़राब नहीं होती। कार्यक्रम के अंतर्गत 6 वरिष्ठ पत्रकारों को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिये सम्मानित किया गया। जिनमे क्रमशः तुलसीदास स्मृति राष्ट्रीय सम्मान डॉ अजय कुमार पांडेय नयी दिल्ली, हजरत अमीर खुसरों स्मृति राष्ट्रीय पुरुष्कार समकालीन चौथी दुनिया पत्रिका के संपादक प्रवीन चौहान को, गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति राष्ट्रीय सम्मान पर्यावरण विद ज्ञानेंद्र रावत को, माधव राव सप्रेम स्मृति राष्ट्रीय पुरुष्कार राघवेश आस्थाना नई दिल्ली, बलबीर सिंह रंग स्मृति राष्ट्रीय पुरुष्कार अभय सिंह राठौर एवं आगरा के पत्रकार नितिन उपाध्याय को प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों एवं सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेश पाल सिंह, संजीव गुप्ता, आर बी दुबे, संतोष पचौरी,राजीव वर्मा उमाकांत तिवारी,पीयूष गोयल, देवेंद्र शर्मा देबू, विकास शर्मा,नन्द कुमार,मिथिलेश कुमार, गोविन्द गुप्ता, किशोर कुमार सिंह,रविंद्र प्रताप सिंह, राजेश सिंह, देवांश सिंह, प्रथमेश सिंह, निर्मल सिंह यादव,इंजिनियर के बी सिंह,दीपक शर्मा,संजीव यादव, दीप्ति चौहान,सुनील मिश्रा,नेत्र पाल सिंह, विशन पाल सिंह चौहान,अजेंद्र शर्मा,संदीप शर्मा,तारिक अहमद,असरारअहमद,मोहसिन मालिक ,शाहिल मोहसिन,इश्शन खान,अखंड प्रताप सिंह, मानव गुप्ता,रोहित भदौरिया,गिर्राज चौहान, मनोज गुप्ता पप्पू, नितिन पाठक के अतिरिक्त सैकड़ों पत्रकार गन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन पत्रकार सम्मलेन के संयोजक राकेश भदौरिया ने किया।

## किसानों के उत्थान के लिए संघर्ष करने वाले शहीद स्व. ओम प्रताप सिहं की शहादत को नमन - राजू आर्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-अखिल भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय कार्यालय नगला इमलिया पर सगंठन के प्रदेश अध्यक्ष स्व. ठा. ओमप्रताप सिहं की पुण्यतिथि पर शोक श्रद्धाजंलि सभा के आयोजन के दौरान सगंठन के राष्ट्रीय सगंठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने अपने भीगे नेत्रों से अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर मौजूद हजारों किसानों को संबोधित करते हुऐ कहा कि हमारे किसान नेता ठा. ओमप्रताप सिहं की शहादत बेकार नहीं जाऐगी , हम सभी किसान लोग संगठित होकर उनके सपनों को साकार करने के लिऐ अन्नदाताओं के विकास के लिऐ सगंठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा.भानुप्रताप सिहं के नेत्रत्व में आगामी 11 फरवरी से किसान आयोग के गठन की मांग को लेकर भारत सरकार से आर पार की जंग लडी जाऐगी ! श्रंद्धाजंलि सभा के दौरान सर्व श्री सतेन्द्र नेताजी , मोनू ठाकुर, विनय यादव,सुनील कश्यप , पुष्पेन्द्र कश्यप , बंटू यादव , योगेन्द्र यादव ,ठा . राजकुमार सिहं , कल्लू पुन्ठीर , अखिलेश यादव 卐 कोयला卐 , गजेन्द्र सिहं सहित हजारों की संख्या में किसान व गणमान्य लो़ग मौजूद रहे !

## प्रदर्शनी पंडाल में दिखी बृजभूमि की मनोहारी छटा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-एटा महोत्सव के प्रदर्शनी पंडाल में मंगलवार की रात बृज के रंग में रंगी दिखाई दी ,वारिस पर भारी पड़ी व्रज की छटा। बृज लोकगीत एवं नृत्य संध्या कार्यक्रम में आए कलाकारों ने कलाकारों ने सबसे पहले बृज वंदना की। इस के बाद कविता,सोनिया ,पिंकी ,पूजा पंडित ,ने नृत्य और गायन से दर्शकों को खूब रिझाया। देररात तक कार्यक्रम का सिलसिला जारी रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन बर्ष के कारण वर्चुअल मा0 राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सैना जी एवं उपजिला मजिस्ट्रेट शिव कुमार , राकेश गांधी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष , मनु राज न्यूज 18, दिलीप सिंह राठौर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । जिसके बाद कार्यक्रम का संचालन मथुरा से आए राजकुमार ने करते हुए एक-एक कर कलाकारों की मुलाकात दर्शकों से कराना शुरू कर दी। मथुरा-वृंदावन से आए गायन करते हुए नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्यांगना ने बांके बिहारी तेरे मोटे- ब्रज लोकगीतों पर जमकर थिरके दर्शक मोटे नैना, प्यारे नैना बड़े कजरारे' सुनाकर दर्शकों से तालियां बजवाई। वहीं छायांकन अजय व्रजवासी के निर्देशन में राधा-कृष्ण एवं गोपियों के वेश में सजे कलाकारों ने मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। 'बरसाने में धूम उठी है, मोर बन आयो रसिया' गीत पर कई कलाकारों द्वारा किए मयूर नृत्य ने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। इसके बाद हवा में उड़ने वाले हनुमान जी के रूप में राजा दर्शन दर्शकों को कराए गए। कलाकारों ने 'अकड़ बम-बम' गाने पर नृत्य करते हुए नाग मुंह से आग के गोले निकाल सभी को रोमांचित किया। वहीं तीन कलाकारों ने राजस्थानी लोकगीत 'अर र रज' पर कालबेलिया नृत्य पेश किया। अदिति पाराशर ने 'बंसी बरसाने से लाय म दूंगी, सीख लै बजाइको' गीत गाया। राज कुमार ने लोक गीत एवं अपने चुलबुले डायलॉग और बही आकर्षण का केंद्र रहे हूव वह हूव बांकेबिहारीजी की झलक कान्हा शर्मा, कलाकारों ने ,卐कन्हैया मोहे टच को मोबाइल दिलाईदईओ ,वजाये जा प्यारे हनुमान चुटकी , आदि भजनौ पर डांस से लोगों को खूब हंसाया। कार्यक्रम में उपस्थित हैदराबाद से आई न्यूज 18 की न्यूज़ एंकर मनु राज, दिल्ली से आए राज सक्सैना, दिलीप राठौर शैलू, रामू शाक्य, अशोक प्रधान,दून पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, अमित जोहरी एडवोकेट, हिमांशु अस्थाना,शगीर, अर्जुन, नीरज, उमाशंकर, निर्देशक गायक आशौक नीलेश,धैर्य, अर्नब, शबनम जौहरी, अलका सक्सेना,राखी सक्सेना, निशांत,आदि गणमान्य नागरिक एवं उपस्थित दर्शकों ने बारिश के मोसम में देर रात तक व्रज लोक गीत एवं नृत्य संध्या का आनंद लिया। अन्त में कार्यक्रम संयोजक रवि कांत सक्सैना ने आये हुए दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## एटा वैरायटी महोत्सव पंडाल में 27 जनवरी दिन शुक्रवार को 10बजे

निशाकांत शर्मा -दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-मैंने पूरी कोशिश की है कि सबसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर आमंत्रण दूँ, पर समयाभाव के कारण सबके पास व्यक्तिगत रूप से नहीं पहुँच पाया हूँ। अतः सभी मित्रगण, सम्मानित जनता, अधिकारीगण, पत्रकार बन्धुओं, संयोजको एवं माता, बहनों, प्यारे बच्चों से निवेदन है कि इसी सन्देश को व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता देकर शो में एटावैरायटी महोत्सव पंडाल में 27 जनवरी दिन शुक्रवार को 10ः00 बजे पधारने का कष्ट करें। ये आपका अपना कार्यक्रम है। कार्यक्रम संयोजक अकरम खान - स्टेट ब्यूरो हैड - प्रदेश उपाध्यक्ष - इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन संयोजक - वैरायटी शो , एटा महोत्सव,

## गीत बसंती

बसंती हवा हूँ, हवा हूँ बसंती
बसंती हवा हूँ, हवा हूँ बसंती
कली को भी मैनें सुमन है बनाया
खिज़ा को बहारों से देखो सजाया
मुझे छू के बेलों ने रंगत है पाई
यूँ बुझता हुआ हर सुमन मुस्कुराया
बसंती हवा हूँ, हवा हूँ बसंती
बसंती समां ले के मैं घूमती हूँ
गुलों की महक से भी मैं झूमती हूँ
यूँ मौज़ों पे सागर की मैं नाचती हूँ
हिमालय के माथे को मैं चूमती हूँ
बसंती हवा हूँ, हवा हूँ बसंती
दिवानी हूँ पागल, शराबी शराबी
क़बा मेरी दुनिया में सबसे सराबी
ये पतझड़ के मौसम मेरी बाट देखे
मुझे देख पतझड़ हैं होते गुलाबी
बसंती हवा हूँ, हवा हूँ बसंती
हूँ पुलकित परीमल नबेली, नबेली
मैं जन्नत से उतरी मैं बिल्कुल अकेली
नहीं दोस्त मेरा न कोई सहेली
मेरी आरज़ू बन गई है पहेली
बसंती हवा हूँ, हवा हूँ बसंती
जवां दिल की वीणा के मैं तार छेडूं
मैं पत्थर के ऊपर लकीरें उकेरू
मैं पेडों की डाली पे जब नाचती हूँ
गुलों से महकती वो खुशबू बिखेरू
बसंती हवा हूँ, हवा हूँ बसंती

**आतिश मुरादाबादी**

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

